प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

08.12.2024/प्रादेशिक समाचार/09.20 बजे

प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल जयपुर में 'राइज़िंग राजस्थान वैश्विक निवेश शिखर सम्मेलन 2024' का उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यक्रम में मौजूद लोगों को संबोधित भी करेंगे। इस सम्मेलन में दुनिया भर के प्रमुख उद्योगपति, राजनयिक, व्यापार प्रतिनिधि और निवेशक भाग लेंगे। तीन दिवसीय सम्मेलन में 32 देश भाग ले रहे हैं, जिनमें 17 भागीदार देश होंगे। शिखर सम्मेलन से पहले ही 30 लाख करोड़ रुपये के एमओयू पर हस्ताक्षर हो चुके हैं।

.......................................................................

अनुराग ठाकुर

पूर्व केन्द्रीय मंत्री व सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने कल ऊना में जिला विकास समन्वय व निगरानी समिति–दिशा की बैठक की अध्यक्षता की। इस दौरान उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। अनुराग ठाकुर ने अधिकारियों को सभी विकास परियोजनाएं तय समय में पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सांसद विकास निधि से जिन परियोजनाओं को स्वीकृति दी गई है, लेकिन 31 मार्च 2023 तक जिनका कार्य आरंभ नहीं हुआ, उनकी निधि को वापस किया जाए। सांसद ने अधिकारियों से कहा कि वे सिर्फ लक्ष्यों को पूरा करने तक सीमित न रहें, बल्कि कार्य प्रणाली में सुधार लाकर योजनाओं को और अधिक प्रभावी बनाएं। बैठक में केंद्र प्रायोजित योजनाओं सहित अन्य विकास योजनाओं की प्रगति और प्रभावी कार्यान्वयन को लेकर चर्चा भी की गई। अनुराग ठाकुर ने जिले में अवैध खनन की समस्या पर चिंता जताई और इसके समाधान के लिए नवीनतम तकनीकों और ग्रामीणों के सहयोग से निगरानी तंत्र को मजबूत करने के निर्देश भी दिए।

.......................................................................

क्रिकेट टूर्नामेंट

शिमला के बी सी एस में चल रहे सदभावना क्रिकेट टूर्नामेंट में राज्यपाल एकादश और मुख्य न्यायाधीश एकादश के बीच आज फाइनल मैच खेला जाएगा। कल खेले गए पहले मैच में राज्यपाल एकादश, की टीम ने प्रैस एकादश को जबकि दूसरे मैच में मुख्य न्यायाधीश एकादश ने मुख्यमंत्री एकादश की टीम को पराजित किया। इस प्रतियोगिता का उददेश्य युवाओं को नशे से दूर रखने और

खेलों में भाग लेने का संदेश देना है। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने कहा कि ऐसे आयोजनों से युवाओं का खेलों के प्रति रूझान बढेगा और सामूहिक प्रयासों से ही नशे का खात्मा संभव है। मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू ने प्रदेश के सभी युवाओं से नशे से दूर रहकर खेलों में बढ़–चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया है।

......................................................................

आग

पर्यटन नगरी मनाली के सिमसा में कल शाम आगजनी की एक घटना में 46 कमरों का चार मंजिला निजी होटल जलकर राख हो गया। हमारे कुल्लू संवाददाता ने बताया कि इस घटना में किसी भी तरह के जानी नुक्सान की कोई सूचना नहीं है। इस घटना में करोड़ों रूपए की संपत्ति के नुक्सान का अनुमान है। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है।

......................................................................

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में आज दिन की शुरूआत खिली धूप के साथ हुई है हालांकि पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से प्रदेश में आज से मौसम का मिजाज़ बदलने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार आज व कल लाहौल–स्पीति, चंबा, किन्नौर, कांगड़ा, शिमला और कुल्लू जिले के ऊंचाई वाले इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश व बर्फबारी का पूर्वानुमान है। जबकि सोलन, सिरमौर, ऊना, बिलासपुर, मंडी और हमीरपुर जिलों में हल्की वर्षा की संभावना है।

......................................................................

और अब सुर्खियां समाचार पत्रों से ........

आज अधिकांश समाचार पत्रों ने मुख्यमंत्री के बयान को प्रमुखता दी है। अमर उजाला की सुर्खी है–प्राथमिक स्तर से स्कूली पाठ्यक्रम में स्वास्थ्य शिक्षा करेंगे शामिल। दैनिक जागरण व हिमाचल दस्तक के लगभग एक जैसे शब्द हैं–हिमाचल के स्कूली पाठ्यक्रम में शामिल होगी स्वास्थ्य शिक्षा। दिव्य हिमाचल की सुर्खी है–प्रिंसिपल रोटेशन पर रख सकेंगे गेस्ट टीचर–मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के सुझाव के बाद शिक्षा विभाग की घोषणा। दैनिक सवेरा टाईम्स लिखता है– सूबे के स्कूली पाठ्यक्रम में शामिल होगी स्वास्थ्य शिक्षा।

आपका फैसला की एक खबर है–हिमाचल में खुलेंगे 4 केंद्रीय विद्यालय, मंडी को एक और 3 हमीरपुर संसदीय क्षेत्र को।

दैनिक भास्कर लिखता है–मनाली में आग से 46 कमरों का होटल जला, होटल में थी 70 प्रतिशत ऑक्यूपेंसी सभी सुरक्षित।

मौसम पर पंजाब केसरी की सुर्खी है–आज वर्षा–हिमपात की संभावना, 3 दिन खराब रहेगा मौसम। वहीं दैनिक भास्कर व आपका फैसला की एक जैसी सुर्खी है – आज टूट सकता है 71 दिन से चल रहा ड्राई स्पैल का चक्र, 8 ज़िलों में बारिश के आसार।

........................................................................